ECONOMIC TIMES NEW DELHI 1-5-2018

सिएट का मुनाफा ₹278cr, 11.5% डिविडेंड का प्रस्ताव

मुंबईः टायर निर्माता कंपनी सिएट लिमिटेड का मार्च में खत्म हुई चौथी तिमाही में नेट प्रॉफिट 278.72 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष से कम है। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 362.73 करोड़ रुपये था। कंपनी ने यह जानकारी सोमवार को दी। कंपनी के बोर्ड ने 31 मार्च को खत्म हुए वित्त वर्ष के लिए प्रति शेयर (10 रुपये के फेस वैल्यू पर) 11.50 रुपये का डिविडेंड देने की सिफारिश की है, जो कंपनी की जनरल मीटिंग में शेयरधारकों की मंजूरी के तहत है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में जमा की गई रिपोर्ट में कंपनी ने यह भी कहा कि पिछले वित्त वर्ष में कुल आय 6,387.06 करोड़ रुपये रही, जबकि 31 मार्च 2017 को खत्म हुए वित्तवर्ष में कंपनी की आय 6,417.98 करोड़ रुपये रही थी।